# रोबोटिक सर्जरी आधुनिक स्वास्थ्य सेवा की दिशा में महत्वपूर्ण कदमः मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
राज्य सरकार ने जिला कांगड़ा के टांडा स्थित डॉ. राजेन्द्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में दो रोबोटिक कैथलैब स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान की है। इस संबंध में कॉलेज प्रशासन को विस्तृत प्रस्ताव देने को कहा गया है।
रोबोटिक सर्जरी की शुरूआत कर राज्य में आधुनिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की दिशा में यह पहला कदम है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में आधुनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली विकसित करने के लिए



प्रतिबद्ध है। इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला और सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल चमियाना में भी रोबोटिक सर्जरी सुविधाएं शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को इन संस्थानों से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट डीपीआर प्राप्त हुई है, जिसकी विशेषज्ञों द्वारा जांच की जा रही है। इस उद्देश्य के लिए सैद्धांतिक रूप से 30 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं और राज्य सरकार इसके लिए पर्याप्त धनराशि प्रदान करेगी।
मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा प्रक्रियाओं के संचालन में रोबोटिक कैथलैब क्रांति ला सकती है।
रोबोटिक्स तकनीक का उपयोग सर्जरी के दौरान सटीकता, बेहतर दृष्टि और अधिक नियंत्रण प्रदान कर सकता है। इससे सर्जरी के दौरान जटिलताओं में कमी आएगी और रोगी शीघ्र स्वस्थ होंगे। उन्होंने कहा कि कैथलैब एक विशेष चिकित्सा सुविधा है, जो मुख्य रूप से कार्डियोलॉजी हृदय रोग विज्ञान के क्षेत्र में मिनिमली इन्वेसिव सर्जरी के लिए इमेजिंग तकनीक का उपयोग करती है। कैथलैब में रोबोटिक तकनीक को शामिल कर सर्जरी के दौरान सटीकता और दक्षता में काफी वृद्धि की जा सकती है, जो रोगियों, चिकित्सकों और चिकित्सा कर्मियों के लिए फायदेमंद होगी। राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए सरकार आधुनिक चिकित्सा तकनीक में निवेश करने की योजना बना रही है, जो दो उद्देश्यों की पूर्ति करेगी। प्रथम उद्देश्य के तहत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि राज्य के लोगों को सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में नवीनतम चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हों। दूसरे उद्देश्य के अंतर्गत राज्य में चिकित्सा उपचार के इच्छुक आगंतुकों को आकर्षित करने के लिए स्वास्थ्य पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा।

# बस की टक्कर से स्कूटर चालक की मौत



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
थाना ऊना के तहत त्यूड़ी में हरियाणा रोडवेज बस ने स्कूटर को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटर चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पदम नाथ शर्मा पुत्र गोविंद निवासी बसाल के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
जानकारी के मुताबिक रविवार सुबह हरियाणा रोडवेज की बस अंब से ऊना की ओर जा रही थी। त्यूड़ी के समीप पहुंचने पर बस ने एक स्कूटर को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर दुकान में घुस गई। हादसे में घायल स्कूटर चालक पदम नाथ शर्मा को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लाया गया, जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है। साथ ही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## सलोह में अवैध शराब की चार पेटियां बरामद, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
थाना हरोली के तहत सलोह में पुलिस ने एक घर से अवैध शराब की खेप बरामद की है।
पुलिस ने चार पेटी अवैध शराब रखने पर एक प्रवासी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक हरोली पुलिस शनिवार शाम को सलोह में मौजूद थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने वरिंद्र सिंह निवासी बिहार हाल निवासी ईसपुर के मकान की तलाशी ली, जहां से चार पेटी देसी शराब बरामद हुई। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने अवैध शराब रखने पर वरिंद्र सिंह के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# थाना मैहतपुर में पुलिस प्रशासन मुदार्बाद के लगे नारे, एएसपी पहुंचे मौके पर

### 8 हिंदू संगठनों ने आरोपी डॉक्टर नदीम को वीआईपी ट्रीटमेंट देने के लगाए आरोप

शिवलिंग पर जल अर्पित करके माफी मांगे डॉक्टर नदीम

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
मैहतपुर में निजी नेत्र चिकित्सालय चलाने वाले डॉक्टर नदीम अख्तर द्वारा भगवान शिव के खिलाफ की गई अश्लील और आपत्तिजनक टिप्पणी मामले को लेकर विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है।
हालांकि पुलिस द्वारा डॉक्टर को एक आरोपी की तरह ट्रीट किए जाने की बात कही गई है, लेकिन



रविवार को हिंदू चेतना मंच के सैकड़ों कार्यकर्ता इस मामले में पुलिस प्रशासन पर आरोपी डॉक्टर को वीआईपी ट्रीटमेंट देने का आरोप लगाते हुए थाना जा पहुंचे। जहां पर हिंदू संगठनों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए न केवल डॉक्टर के खिलाफ, बल्कि पुलिस प्रशासन मुदार्बाद के नारे लगा डाले। थाने के अंदर व बाहर हिंदू चेतना मंच के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। वही डॉक्टर के साथ एक आरोपी की तरह व्यवहार करने की मांग उठाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भाटिया खुद थाना परिसर पहुंचे। जिन्होंने हिंदू चेतना मंच के पदाधिकारियों को समझाने बुझाने का प्रयास किया हिंदू संगठनों का कहना है कि वह लगातार मांग करते आ रहे हैं कि आरोपी डॉक्टर शिवलिंग पर जल अर्पित करके शीश झुकाए और सार्वजनिक रूप से माफी मांगे, लेकिन पुलिस उसे वीआईपी ट्रीटमेंट देते हुए गुपचुप तरीके से पूछताछ में शामिल कर रही है और लाखों हिंदुओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने का प्रयास पुलिस प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। हिंदू एकता मंच के संयोजक चंदन शर्मा ने कहा कि यह बात कतई बर्दाश्त नहीं होगी। शर्मा का कहना है कि पुलिस प्रशासन द्वारा डॉक्टर के खिलाफ की जा रही कार्रवाई ना काफी है, बल्कि पुलिस उसे वीआईपी ट्रीटमेंट देकर हिंदुओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने में लगी है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन का यह रवैया बर्दाश्त के काबिल बिल्कुल भी नहीं है। अगर पुलिस ने अपना रवैया बदलते हुए डॉक्टर को एक आरोपी की तरह ट्रीट नहीं किया, तो हिंदू एकता मंच आरोपी डॉक्टर के घर के बाहर पहुंचकर उग्र प्रदर्शन करने से गुरेज नहीं करेगा। इस अवसर पर राहुल ऐरी, राहुल मैनन, विनय सहोड़, विक्रम, दीपक जोशी, भुपिंद्र, गोल्डी कौंडल, साहिल ठाकुर, निखिल सहोड़, अंतरिक्ष, पुलकित, उदय ठाकुर, अतुल चब्बा, सुमित, प्रदीप, शिव, प्रशांत, विशाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सेन्ट मैरी स्कूल सुंदरनगर के खिलाड़ियो ने 20 स्वर्ण 12 रजत और 9 कांस्य पदक जीत कर प्रथम स्थान हासिल किया



**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
मण्डी जिला पेंचक सिलाट एस्सोसिएशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय दो दिवसीय पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता मे मण्डी जिला के भिन्न-भिन्न स्कूलो और क्लबो के 203 खिलाडियो ने भाग लिया। मण्डी जिला पेंचक सिलाट एस्सोसिएशन के महासचिव जोगिंद्र सिंह आजाद ने बताया की इस प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्यातिथि के रूप मे हिमाचल प्रदेश पेंचक सिलाट एस्सोसिएशन के अध्यक्ष एचडी पंचानी ने शिरकत की और विजेता खिलााडि?ो को मैडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मण्डी जिला पेंचक सिलाट एस्सोसिएशन के पदाधिकारी देविन्द्र कुमार आजाद, बृज लाल चौहान, संतोष कुमार, नरेंद्र कुमार, राकेश कुमार, देवगय अवस्थी, रोहन सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता मे सिंगा 3 से 6 वर्ष, मकाआन वर्ग 7 से 9 वर्ष प्री टीन, सब जूनियर, जूनियर, सीनियर वर्ग के मुकाबले करवाए गए। प्रतियोगिता मे बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सेन्ट मैरी स्कूल सुंदरनगर के खिलाडि?ो ने 20 स्वर्ण 12 रजत और 9 कांस्य पदक जीत कर प्रथम स्थान, किंग जार्ज स्कूल नेरचौक के खिलाडि?ो ने 14 स्वर्ण, 10 रजत और 7 कांस्य पदक जीत कर द्वितीय स्थान ओर कैम्ब्रिज इन्टरनेशनल स्कूल लुणापानी मण्डी के खिलाडि?ो ने 7 स्वर्ण 7 रजत और 6 कांस्य पदक जीत कर तीसरा स्थान हासिल किया।

## ईसपुर से बिजली का खंभा चोरी, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
थाना हरोली के तहत ईसपुर एक बिजली का खंभा चोरी हुआ है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर धर्मपुर के एक युवक पर खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अशोक ठाकुर निवासी रामपुर ने बताया कि ईसपुर में स्टोन क्रेशर का काम लगा रखा है, जिसें बिजली के खंभे भी रखे थे। इसमें से एक खंभा दीपक ठाकुर निवासी धर्मपुर अपेन ट्रेक्टर में डालकर चोरी करके ले गया है।
डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने दीपक कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# खेल प्रतियोगिता में सोनाक्षी ने जीता कांस्य पदक

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मरवाड़ी की छात्रा प्रज्ञा शर्मा के बाद अंडर-19 कैटेगरी में सोनाक्षी राणा ने भी भारोतोलन प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीत कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। भारोतोलन की कोच रजनी वाला ने बताया की मरवाड़ी स्कूल की खिलाड़ी छात्रा प्रज्ञा शर्मा वासी अंबोटा ने भारोतोलन के 76 किलोग्राम वर्ग में और सोनाक्षी राणा वासी पिरथीपुर ने कांस्य पदक जीत कर प्रदेश व स्कूल का नाम रोशन किया है। दो कांस्य पदक हिमाचल की झोली में आने के उपरांत



स्कूल प्रधानाचार्य निशा संदल ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि स्कूल छात्रा प्रज्ञा शर्मा एवं सोनाक्षी राणा ने दो कांस्य पदक जीत कर प्रदेश का मान बढ़ाया है, जो जिला ऊना के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि प्रज्ञा शर्मा और सोनाक्षी राणा ने हिमाचल प्रदेश की टीम का हिस्सा रहते हुए पिछले काफी समय से अपने कोच रजनी वाला के मार्गदर्शन में कड़ा अभ्यास किया और उसी मेहनत के बूते पर दो कांस्य पदक हासिल किए। इस मौके पर सहायक कोच मीनाक्षी शर्मा, टीम इंचार्ज शिवेंद्र जंबाल व डीपीई रणेश कंवर सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# कांस्य पदक जीतकर लौटी प्रज्ञा का पैतृक गांव में भव्य स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
दिल्ली में आयोजित नेशनल स्कूल गेम्स में भारतोलन प्रतियोगिता के 76 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर देश भर में प्रदेश का मान बढ़ाने वाली उपमंडल गगरेट के अंबोटा गांव की बेटी प्रज्ञा शर्मा रविवार को पदक के साथ गांव पहुंची। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने इस बेटी का गर्मजोशी से इस्तकबाल किया। 76 किलोग्राम भार वर्ग में नेशनल स्तर पर कांस्य पदक जीतकर प्रज्ञा शर्मा ने साबित कर दिया कि सुविधाओं की कमी के बीच भी अगर कुछ कर गुजरने का जज्बा हो, तो पांव खुद व खुद मंजिल तक पहुंच ही जाते हैं। भारतोलन



की अभी बारीकियां सीख रही प्रज्ञा शर्मा का सपना ओलंपिक खेलों में भारत को मेडल दिलाना है।प्रज्ञा के पिता जो खुद शारीरिक शिक्षक हैं, उन्होंने बेटी का हौसला बढ़ाया और प्रज्ञा को आगे बढ? के लिए प्रेरित किया। भारतोलन की कोच रजनी बाला के कुशल मार्गदर्शन में भारतोलन की बारीकियां सीख रही प्रज्ञा ने सिर्फ और सिर्फ खेल के लिए अपने गांव के स्कूल को छोडकर रोजाना अठारह किलोमीटर का सफर तय कर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल मरवाड़ी में दाखिला लेने को तरजीह दी। यहां शिक्षा के साथ-साथ प्रज्ञा भारतोलन की प्रेक्टिस भी करती है। मौजूदा समय में दस जमा दो की छात्रा प्रज्ञा शर्मा दस जमा दो के बाद ऐसे संस्थान की तलाश में है, जहां उसे भारतोलन के और गुर मिल सकें। प्रज्ञा ने कहा कि उसका लक्ष्य ओलंपिक खेलों में भारत के लिए मेडल जीतकर अंबोटा गांव का नाम विश्व पटल पर ऊंचा करना है। रविवार को अपने पैतृक गांव पहुंचने पर ग्राम पंचायत प्रधान सरदार जगजीत सिंह के नेतृत्व में गांववासियों ने इस वेट लिफ्टर बेटी को फूलों से लाद दिया और लड्डू बांटकर खुसी का इजहार किया।

# पाई-पाई बचाई भी गरीब की भलाई पर लगाई भी और ऐसा तब हुआ जब देश में ईमानदार सरकार आईः अनुराग ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर /विवेकानंद वशिष्ठ**
केन्द्रीय संचना प्रसारण एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर के सर्किट हाउस में जहां केन्द्र सरकार के नौ सालों के कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि पाई पाई बचाई भी गरीब की भलाई पर लगाई भी और ऐसा तब हुआ जब देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली ईमानदार सरकार आई। अनुराग ठाकुर ने पत्रकार वार्ता में दावा किया कि वर्ष 2024 में देश को सुरिक्षत रखने के लिए जनता पीएम मोदी पर विश्वास जताएगी। अनुराग ठाकुर ने नौ




सालों में केन्द्र सरकार की तमाम उपलबिधयां को भी गिनाया। हमीरपुर में

पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने 9 वर्ष की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा 2024 में देश की जनता फिर से मोदी पर जताएगी विश्वास अनुराग ठाकुर ने कहा कि पिछले नौ सालों में केन्द्र सरकार ने किसानों की भलाई के लिए अनेकों कदम उठाए है और जहां यूपी, की सरकार में किसानों को खाद की जाए लाठियां मिलती थी। उन्होंने कहा कि संसद में हर बार चर्चा होती थी कि किसानों को खाद नहीं मिलती थी लेकिन नौ साल मे खाद की कमी नही आई है और न ही खादो के दामों में बढोतरी की है।
राहुल गांधी के बयानों पर केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने अमेठी व वायनाड की जनता का अपमान किया है और तुष्टिकरण की राजनीति राहुल गांधी कर रहे है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के कर्मों के कारण पद से हटाया गया है और ओबीसी वर्ग का अपमान किया है और माफी तक नही मानी है। उन्होंने कहा कि कोर्ट के आदेशों के बाद सदस्य नहीं रहे है और कोर्ट के निर्णय से सांसद की सदस्यता रदद हुई है। विपक्षी दलों के साथ गठबंधन बनाने की बातों पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र में महागठबंधन बनाने की योजना है तो बनाए क्योंकि पहले भी गठबंधन बनाए गए है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वां नदी में डूबे युवक का 18 घंटे बाद मिला शव

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
स्वां नदी बाथड़ी में डूबे युवक का शव 18 घंटे बाद रविवार सुबह मिल गया। मृतक युवक की पहचान अवतार सिंह पुत्र मस्तान सिंह निवासी नंगल कलां के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बता दें कि अवतार सिंह निवासी टाहलीवाल शनिवार दोपहर बाद अपने दोस्त मंजीत कुमार निवासी नंगल खुर्द के साथ स्वां नदी बाथड़ी में नहाने के लिए गया हुआ था। नहाते हुए अवतार स्वां नदी में डूब गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और डूबे हुए युवक की तलाश शुरू कर दी, लेकिन देर शाम तक तलाश के बाद युवक का कोई पता नहीं चल पाया। रविवार सुबह एक बार फिर से पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर तलाश शुरू की, जिसके बाद अवतार का शव एक मिल गया। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि अवतार का शव मिल गया है। जिसका पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

### हाइड्रा मशीन के टायर के नीचे आने से चंबा के कामगार की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
उपमंडल गगरेट के कुठेड़ा जसवालां गांव में डयूटी के लिए पैदल जा रहे तीन कामगारों में से एक को हाइड्रा मशीन कुचल कर भाग गई। जब तक एंबुलेंस पहुंची तब तक कुचले गए व्यक्ति की मौत हो गई थी। मृतक के साथियों के बयान पर गगरेट पुलिस ने न सिर्फ मामला दर्ज किया, बल्कि दुर्घटना में शामिल हाइड्रा मशीन को भी ट्रेस कर लिया। गगरेट पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवा आगामी कार्रवाई की जा रही है। मृतक के साथी कुलदीप कुमार निवासी चंबा द्वारा पुलिस को दिए गए बयान में कहा गया है कि शनिवार रात्रि वह अपने साथियों के साथ पैदल ही बढेड़ा राजपूतां से टटेहड़ा स्थित उद्योग के लिए जा रहा था। उसके साथ काम करने वाले चंबा के ही साथी सूरज पुत्र तिलक राज व कल्याणू पुत्र मोजी राम भी काम पर जा रहे थे। कुठेड़ा जसवालां पहुंचने पर ऊना की ओर से आ रही एक हाइड्रा मशीन ने कल्याणू को अपनी चपेट में ले लिया और कल्याणू के गिर जाने से हाइड्रा मशीन का टायर उस पर चढ़ गया। इसी बीच हाइड्रा मशीन चालक मशीन सहित मौका से फरार हो गया। उन्होंने कल्याणू को हिलाकर देखा, लेकिन कल्याणू ने कोई हरकत नहीं की। सूचना मिलने के बाद 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक कल्याणू की मौत हो चुकी थी। गगरेट पुलिस ने कुलदीप के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी कैमरे खंगाले और रविवार को ज्वालाजी जा रही उक्त हाइड्रा मशीन को अपने कब्जे में ले लिया। डीएसपी डा. वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर हाइड्रा मशीन को भी ट्रेस कर जब्त कर लिया है।

### रियलमी ने 23,999 रु. के शुरूआती मूल्य में रियलमी 11 प्रो सीरीज 5जी को लॉन्च किया

**शिमला:** भारत में सबसे भरोसेमंद टेक्नॉलॉजी ब्रांड और सबसे विश्वसनीय सेवा प्रदाता रियलमी ने आज अपनी फ्लैगशिप नंबर सीरीज में अपनी नई रियलमी 11 प्रो सीरीज 5जी की घोषणा की। रियलमी नंबर सीरीज यूजर्स को अतुलनीय अनुभव प्रदान करने के लिए बनाई गई है जिसे पूरी दुनिया के यूजर्स ने सराहा है। इसके दुनिया में 50 मिलियन यूजर्स और भारत में 32 मिलियन यूजर्स पहले से मौजूद हैं और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। रियलमी 11 प्रो सीरीज 5जी में दो स्मार्टफोन पेश किए गए हैं रियलमी 11 प्रो.प्लस 5जी और रियलमी 11 प्रो 5जी। डेयर टू लीप स्पिरिट के साथ रियलमी अपने ब्रांड का निरंतर विकास करते हुए अगले आयाम की ओर बढ़ता जा रहा है और इनोवेशन एवं डिजाईन के मामले में हर सीमा को पार करता चला जा रहा है। रियलमी 11 प्रो सीरीज 5जी में 200 मेगापिक्सल का प्रो.लेवल सुपरजूम कैमरा है जो टेक्नॉलॉजी के मामले में बड़ी पहल करते हुए यूजर्स को परफॉर्मेंस, शानदार फीचर्स,अत्याधुनिक इनोवेशन एवं गहन यूजर अनुभव के साथ बेहतर अनुभव प्रदान कर रहा है।रियलमी अपने यूजर्स को इनोवेटिव टेक्नॉलॉजी और डिजाईन प्रदान करने में हमेशा अग्रणी रहा है।रियलमी 11 प्रो सीरीज 5जी द्वारा यूजर्स को सर्वश्रेष्ठ प्रीमियम अनुभव प्रदान करने के लिए रियलमी डिजाईन स्टूडियो ने मशहूर पूर्व गूची प्रिंट एवं टैक्सटाईल डिजाईनर माटियो मेनोटो के साथ गठबंधन किया है। इस गठबंधन द्वारा रियलमी का उद्देश्य उत्कृष्ट कारीगरी प्रदान करना है। श्रीहरी प्रोडक्ट मैनेजर रियलमी इंडिया ने कहा, हमारी रियलमी नंबर सीरीज को भारत एवं विश्व में हमारे ग्राहकों ने शुरू से ही काफी प्यार व स्नेह दिया है। यूजर्स को लीप.फॉरवर्ड टेक्नॉलॉजी प्रदान करने की प्रतिबद्धता के साथ हमने अपनी सीमाओं को इनोवेशन और अत्याधुनिक विशेषताओं,शानदार परफॉर्मेंस और डिजाईन की ओर बढ़ाया है।

### आईआईएफएल फाईनेंस बॉन्ड्स पर दे रहा है 9 प्रतिशत तक रिटर्न,इश्यू 22 जून को होगा बंद

**चंडीगढ़:** भारत की सबसे बड़ी नॉन -बैंकिंग फाईनेंस कंपनियों में से एक, आईआईएफएल फाईनेंस अपने बॉन्ड्स इश्यू पर 9 प्रतिशत तक रिटर्न दे रहा है। इन सिक्योर्ड बॉन्ड्स का पब्लिक इश्यू 9 जून, 2023 से शुरू हुआ, जिसके द्वारा 1,500 करोड़ रु. तक एकत्रित किए जाएंगे। इस पूंजी का उपयोग व्यवसायिक वृद्धि और पूंजी संवर्धन के लिए किया जाएगा।बॉन्ड्स इश्यू 22 जून, 2023 को बंद होगा या फिर मांग के आधार पर उससे पहले भी बंद किया जा सकता है।आईआईएफएल फाईनेंस सिक्योर्ड रिडीमेबल नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर्स (एनसीडी) जारी करेगा, जो 300 करोड़ रु. के बराबर होंगे, जिसमें 1200 करोड़ रु. तक का ओवर-सब्सक्रिप्शन बनाए रखने के लिए एक ग्रीन-शू विकल्प होगा (1,500 करोड़ रु. के बराबर)। आईआईएफएल बॉन्ड्स 60 महीने की अवधि के लिए 9 प्रतिशत प्रतिवर्ष का सर्वोच्च प्रभावशाली रिटर्न प्रदान करते हैं।
एनसीडी 24 महीने, 36 महीने और 60 महीने की अवधि में उपलब्ध है। ब्याज का भुगतान 60 माह की अवधि के लिए वार्षिक आधार, परिपक्वता के समय और मासिक आधार पर किया जा सकता है।इसकी क्रेडिट रेटिंग क्राईसिल रेटिंग्स द्वारा एए/स्टेबल और आईसीआरए द्वारा एए/स्टेबल है, जिससे प्रदर्शित होता है कि इन इंस्ट्रूमेंट्स में वित्तीय दायित्वों को समय पर पूरा करने के लिए उच्च डिग्री की सुरक्षा है और इनके साथ जोखिम काफी कम है। वित्तवर्ष 2023 की चैथी तिमाही में मूडी की अपग्रेडेड आईआईएफएल फाईनेंस रेटिंग बी2 से बढ़कर बी1 (स्टेबल) हो गई है।
आईआईएफएल फाईनेंस के ग्रुप सीएफओ, कपीश जैन ने कहा, ह्यह्यभारत में 4000 से ज्यादा शाखाओं में मजबूत स्थिति और विस्तृत रिटेल पोर्टफोलियो के साथ आईआईएफएल फाईनेंस सेवाओं की कमी वाली आबादी की क्रेडिट जरूरतों को पूरा करता है। इसके द्वारा एकत्रित किए गए फंड का उपयोग इस तरह के और ज्यादा ग्राहकों की क्रेडिट जरूरतों को पूरा करने और हमारे डिजिटल प्रोसेस परिवर्तन में तेजी लाने के लिए किया जाएगा, ताकि यह प्रक्रिया और ज्यादा सुगम हो।

# प्रदेश सरकार सहकारी बैंकों को सुदृढ़ करने के लिए हरसंभव सहायता करेगी: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड एचपीएससीबी द्वारा गत दिवस आयोजित स्पार्क-2023 कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बैंक के नए चिन्ह लोगों का अनावरण किया। इसके अलावा उन्होंने बैंक की इंटरनेट बैंकिंग सुविधा एकेडमी फॉर एग्रीकल्चर एंटरप्रिन्योरशिप डिवेलपमेंट फॉर ग्रोथ एंड एम्पावरमेंट एग्री एज और नई वेबसाइट का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बैंक का विजन डाक्यूमेंट भी जारी किया। उन्होंने बैंक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शाखा कार्यालयों को पुरस्कार भी प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने भविष्य की चुनौतियों के लिए एचपीएससीबी द्वारा तैयार रहने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि राज्य सरकार सहकारी बैंकों को हरसंभव सहायता प्रदान कर सुदृढ़ करेगी। उन्होंने कहा कि बैंक डिजिटल तकनीकयुक्त होने चाहिए और उपभोक्ताओं को आधुनिक तकनीक का उपयोग कर बैंकिंग सुविधा प्रदान की जानी चााहिए। उन्होंने कहा कि सहकारी बैंकों की कार्यप्रणाली के विस्तार के लिए छह महीने के भीतर सुधारों को लागू किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सहकारी बैंकों को भूमि खरीदने के लिए प्राथमिकता के आधार पर हिमाचल प्रदेश मुजारियत एवं भू-सुधार अधिनियम 1972 की धारा 118 के तहत अनुमतियां दी जाएंगी। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान सरकार का पहला बजट व्यवस्था परिवर्तन का प्रतीक है, जिसमें ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक को इन पहलों के क्रियान्वयन में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। राज्य सरकार निर्धन परिवार के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए 20 लाख रुपए तक का ऋण एक प्रतिशत ब्याज की दर से उपलब्ध करवाने की योजना बना रही है ताकि संसाधनों के अभाव में कोई भी शिक्षा से वंचित न रहे। इसके साथ ही भविष्य में टैक्सी संचालकों को ई-टैक्सी चलाने के लिए परमिट जारी किए जाएंगे। राज्य सरकार



ई-टैक्सी, ई-बस और ई-ट्रक की खरीद पर 50 प्रतिशत अनुदान देगी। राज्य सरकार 250 किलोवाट से 2 मेगावाट तक की सौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना के लिए 40 प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान करेगी और उत्पादित बिजली हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड लिमिटेड द्वारा खरीदी जाएगी। उन्होंने कहा कि सहकारी बैंक इन योजनाओं के तहत ऋण प्रदान करें जिनकी संप्रभु गारंटी राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना की योजना के लिए सहकारी बैंक को प्रमुख बैंक बनाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश अपने अधिकारों के लिए मजबूती से संघर्ष करेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में 12000 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है लेकिन हिमाचल प्रदेश को राज्य के हिस्से के रूप में केवल 12 प्रतिशत बिजली मिल रही है, जो राज्य के लोगों के साथ अन्याय है। पे-बैक अवधि पूरी कर चुकी जलविद्युत परियोजनाओं में रायल्टी बढ़ाने का मामला केंद्र सरकार के समक्ष उठाया गया है। निश्चित अवधि समाप्त होने के बाद केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों द्वारा बनाई गई पनबिजली परियोजनाएं हिमाचल को वापस मिलनी चाहिए। शानन परियोजना को वापस लेने के लिए बातचीत हो चुकी है और वर्तमान राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश के हितों की लड़ाई लड? को तैयार है। उन्होंने कहा कि जल उपकर हिमाचल का अधिकार है और हम इसे लेकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार आगामी चार वर्षों में हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हरित उद्योगों को बढ़ावा देगी, जिसमें पर्यटन, जल ऊर्जा, आईटी, डाटा सेंटर और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नवाचार सोच के साथ आगे बढ़ रही है और मंत्रिमण्डल की पहली बैठक में राज्य सरकार ने कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू की है। सरकार ने पहला वायदा पूरा किया है और सभी वायदे चरणबद्ध तरीके से पूरे किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार को करोड़ों का कर्जा विरासत में मिला है लेकिन प्रदेश सरकार राज्य को आत्मनिर्भर बनाने और प्रदेश के वित्तीय संसाधन बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि 90 फीसदी आबादी गांवों में रहती है और ग्रामीण आबादी की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के प्रयास किए जा रहे हैं। कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए किसानों से गाय का दूध 80 रुपये प्रति लीटर और भैंस का दूध 100 रुपये प्रति लीटर की दर से खरीदने की योजना पर कार्य हो रहा है। उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हिमाचल प्रदेश में सहकारिता आंदोलन के महत्व पर प्रकाश डाला, जिसे देश भर में पहचान मिली है। उन्होंने बताया कि प्रथम सहकारी सभा की स्थापना वर्ष 1892 ऊना जिला के पंजावर में की गई थी जो उनके विधानसभा क्षेत्र हरोली के अंतर्गत आता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सहाकारी सभा के माध्यम से शुरू किए गए सहकारी बैंक अब राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ के रूप में काम कर रहे हैं। व्यक्तियों द्वारा सहकारी समितियों की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के उदाहरणों को स्वीकार करते हुए उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार सहकारी सभाओं को एक नए जन आंदोलन में बदलने के लिए सुधारात्मक उपाय कर रही है। अग्निहोत्री ने अधिकारियों से बैंक की प्रतिष्ठा को ध्यान में रखकर कार्य करने का आग्रह किया।उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन ने राज्य पर 75,000 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ डाला गया है। चुनौतीपूर्ण स्थिति के बावजूद मुख्यमंत्री के दृढ़ निश्चय के कारण सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल कर दी गई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार कर्मचारियों के कल्याण को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने राज्य के विकास में कर्मचारियों द्वारा सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने हिमाचल प्रदेश को आर्थिक रूप से अस्थिर करने के प्रयासों और राज्य को वित्तीय सहायता प्रदान करने में बाधाएं उत्पन्न करने पर भी चिंता व्यक्त की। एचपीएससीबी के अध्यक्ष देवेंद्र श्याम ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए राज्य के विकास में सहयोग देने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता पर बल दिया।

## न्यूज फ्लैश

### हिमाचल पुलिस को देश की नंबर 1 पुलिस बनाने की दिशा में प्रयास : संजय कुंडु

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

डीजीपी संजय कुंडू का कहना है कि हिमाचल प्रदेश पुलिस को देश की नंबर 1 पुलिस बनाने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। यह बात उन्होंने आज थर्ड बटालियन पंडोह में नव दीक्षित आरक्षियों की पासिंग आउट परेड़ को सम्बोधित करते हुए कही। संजय कुंडू ने कहा कि उन्होंने डीजीपी बनने के बाद विभाग में काफी कुछ बदलने की कोशिश की है। पिछले तीन वर्षों से हिमाचल प्रदेश पुलिस सीसीटीएनएस यानी क्राईम एंड क्रिमिनट ट्रेकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम में लगातार पहले स्थान पर रह रही है। यह अपने आप में गर्व की बात है। उन्होंने प्रशिक्षण के बेहतरीन आयोजन के लिए थर्ड बटालियन पंडोह के कमांडेंट भगत सिंह ठाकुर की जमकर पीठ थपथपाई। इस मौके पर कमांडेंट थर्ड आईआरबी पंडोह भगत सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में बताया कि 145 भूतपूर्व सैनिक और 18 पुलिस बैंड कर्मचारियों को तीन महीनों का प्रशिक्षण दिया गया है। अब ये लोग हिमाचल प्रदेश पुलिस में बतौर आरक्षी अपनी सेवाएं देंगे। तीन महीनों के इस प्रशिक्षण के दौरान न सिर्फ नियमों पर आधारित प्रशिक्षण दिया गया है बल्कि सामाजिक ज्ञान और पर्सनेटी डेवेल्पमेंट को लेकर भी पूरी जानकारी दी गई । इससे पहले डीजीपी संजय कुंडू ने पुलिस कर्मियों की पासिंग आउट परेड का निरीक्षण किया और उपरांत इसके सलामी ली।

### हैप्पीनेस ट्रक 4.0 ने नालागढ़, बद्दी, करनाल और नई दिल्ली में उत्साह बढ़ाया

**शिमला:** एनबीसी बियरिंग्स सीके बिड़ला ग्रुप द्वारा प्रस्तुत और वॉल्वोलाइन कमिंस द्वारा संचालित तथा मोटरइंडिया द्वारा आयोजित अपनी तरह का एकमात्र हैप्पीनेस ट्रक 4.0 बड़े जबरदस्त रोमांच और समारोहपूर्वक कश्मीर से सहर्ष रवाना किया गया।हैप्पीनेस ट्रक 4.0 कैंपेन में उद्योग के टॉप ब्रांड्स एकजुट हुए हैं जिनमें सीके बिड़ला समूह की इकाई एनबीसी बियरिंग्स,टाइटल पार्टनर वॉल्वोलाइन द्वारा संचालित,भारतबेंज, ट्रक पार्टनर गेट्स, पावर ट्रांसमिशन पार्टनर केटी टेलीमेटिक,नेविगेशन पार्टनर अलक्राफ्ट,थर्मल मैनेजमेंट पार्टनर सेटको,क्लच पार्टनर एक्सेलाईट.डीएच लाइटिंग,और टाटा ग्रीन बैटरीज बैटरी पार्टनर शामिल हैं।कश्मीर की सुरम्य वादियों से अपनी यात्रा शुरू करते हुए ट्रक जम्मू,जलंधर, लुधियाना,नालागढ़,बद्दी,करनाल और नई दिल्ली में पड़ाव कर चुका है जहाँ परिवहन समुदाय से इसे जबरदस्त उत्साह और समर्थन मिला है।हैप्पीनेस ट्रक 4.0 अभियान ने नालागढ़ ट्रक ऑपरेटर्स यूनियन हिमाचल प्रदेश में एक शानदार उत्सव देखा जहां हैप्पीनेस ट्रक ने मैकेनिक और ट्रक ड्राइवर के बीच अमूल्य साझेदारी का सम्मान किया। विस्मयकारी घटना ने लॉजिस्टिक्स पेशेवरों के बीच एक मजबूत सौहार्द को बढ़ावा देते हुए सामानों के सुरक्षित और कुशल परिवहन को सुनिश्चित करने में उनकी अपरिहार्य भूमिका को प्रदर्शित किया। उनके उल्लेखनीय योगदान से माहौल आश्चर्य और प्रशंसा से भर गया। अपनी विजयी यात्रा को जारी रखते हुए हैप्पीनेस ट्रक 4.0 बद्दी हिमाचल प्रदेश पहुंचा जो एशिया का सबसे बड़ा ट्रकिंग यूनियन और एक चहल.पहल भरा औद्योगिक शहर है जो अपने संपन्न विनिर्माण और फार्मास्युटिकल क्षेत्रों के लिए प्रसिद्ध है। शहर के औद्योगिक क्षेत्र में उत्साही ड्राइवर,यांत्रिकी और ऑपरेटर की उपस्थिति ने निर्बाध माल आवाजाही के लिए शीर्ष पायदान परिवहन सेवाओं पर निर्भरता के लिए एक वसीयतनामा के रूप में कार्य किया। जुनून और दक्षता का अद्भुत तालमेल देखने लायक थाए जिसने दर्शकों को प्रेरित और चकित कर दिया।

### मर्सिडीज-बेंज ने बहु-प्रतीक्षित ग्लोबल ऑटोमोटिव आईकन, द न्यू जी क्लास भारत में उतारा

**चंडीगढ़:** भारत के सबसे बड़े लग्जरी कार निर्माता मर्सिडीज-बेंज ने आज भारत के बाजार के लिए अपनी बहुप्रतीक्षित आईकोनिक एसयूवी जी क्लास पेश की है। जी क्लास 400 डी का लॉन्च दो आकर्षक वैरिएंट्स, जी 400 डी एडवेंचर एडिशन और स्पोर्टी जी 400 डी एएम जी लाईन में किया गया है। कंपनी ने जी 400 डी की बुकिंग शुरू कर दी है और इस वाहन की डिलीवरी इस चाल चौथी तिमाही से की जाएगी। डिलीवरी केवल भारतीय बाजार के लिए की जाएगी क्योंकि यहाँ पर इस आईकोनिक ऑफ -रोडर की बहुत ज्यादा मांग है।जी 400 डी एडवेंचर एडिशन खास भारतीय बाजार के लिए विशेष रूप से कॉन्फिगर किया गया स्पेशल एडिशनहै, जबकि जी 400 डी ए एम जी लाईन एक टाइमलेस ऑफ -रोडर, स्पोर्टी और लाईफस्टाईल वाहन है। ग्राहक इनमें से कोई भी मॉडल 1.5 लाख रु. की बुकिंग राशि देकर बुक कर सकते हैं।

## बंजार विधानसभा से 3000 कार्यकर्ता लेंगे नड्डा की कुल्लू रैली में भाग

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

14 जून को कुल्लू के रथ मैदान में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा की होने वाली मंडी संसदीय क्षेत्र की रैली को लेकर जिला भाजपा की तैयारियाँ जोरो पर है।

मंडी संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न विधानसभाओं से आवश्यक निर्धारित संख्या जुटाने का विभिन्न भाजपा पदाधिकारियों को लक्ष्य दिया गया है। बंजार से विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा है कि बंजार विधानसभा क्षेत्र से इस रैली को सफल बनाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था कर ली गई हैं। बंजार विधानसभा क्षेत्र से 3000 के क?ीब कार्यकर्ता व आम लोग



इस रैली में भाग लेंगे। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष की लोकसभा चुनावों से पहले यह रैली कई मायनों में अहम है। कार्यकताओं में जोश व उत्साह भरने के मद्देनज? इस रैली को भव्य रूप देने का अथक प्रयास किया गया है। निश्चित तौर पर इस रैली के बाद पार्टी कार्यप्रणाली में नई ऊर्जा का संचार होगा।

## राजस्व मंत्री का कुल्लू पहुंचने पर विभिन्न संगठनों द्वारा स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

कुल्लू जिले के भुंतर में पहुचने पर दी लोअर कुल्लू किसान बागवान संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा बागवानी मंत्री का भव्य स्वागत किया गया।जगत सिंह नेगी ने कहा कि सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि इस बार बागवान अपने सेब प्रति किलो के हिसाब से मंडियों में बेच सकेंगे उन्होंने कहा की पालमपुर व चायल में टिशु कल्चर के माध्यम से सेब के पौधे तैयार किए जा रहे हैं तथा सिद्ध पुर में भी टिशू कल्चर से सेब के पौधे तैयार किए जाएंगे ताकि जल्द से जल्द बागवानों को उच्च गुणवत्ता वाले पौधे दिए जा सके। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा ऊंचाई के हिसाब से सेब की विभिन्न किस्मों को



लगाने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा ताकि वह निर्धारित मापदंडों के तहत सेब के बगीचे लगाकर अच्छा लाभ कमा सकें।इस से पहले राजस्व, बागवानी व जनजातीय विकास मंत्री ने मंडी जिले के जडोल में एचपीएमसी के जूस सयंत्रए टकोली में मार्किट यार्ड व बंदरोल में मार्केट यार्ड का निरीक्षण किया। मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार सदा ही बागवानो व किसानों की हितेषी रही है तथा सरकार ने कीटनाशकों व अन्य दवाइयों की दुकाने जो पूर्व सरकार ने बन्द कर दी थी को पुनः आरम्भ किया गया है जिससे बागवान व किसान लाभान्वित हो रहे है। सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि व्यास व पार्वती नदियों के संगम स्थल को लगभग 5 किलोमीटर के दायरे में शमशी से भुंतर व जिया तक नदी के दोनो तरफ विकसित किया जाएगा इसके लिए लाडा से 30 लाख रूपए की राशि हाल ही में स्वीकृत कर दी गई है।


उन्होंने कहा कि भांग की खेती को कानूनी दायरे में लाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा एक कमेटी का गठन किया गया है जो सरकार को प्रदेश में भांग की खेती करने संबंधित सुझाव देगी इस कमेटी द्वारा विभिन्न हित धारकों से चर्चा करने के उपरांत उनकी राय ली जाएगी।भांग की खेती को कानूनी मान्यता मिलने से जहां प्रदेश के किसानों बागवानो की आर्थिकी सुदृढ़ होगी वही इससे बनने वाले अनेक प्रकार के उत्पादों व दवा के निर्माण में भी इनका उपयोग होगा।दी लोअर कुल्लू किसान एवं बागवान संगठन के अध्यक्ष करतार सिंह गुलेरिया ने मुख्य अतिथि व उनके साथ आए बशिष्ठ जनों का स्वागत किया। उन्होंने बागवानों की विभिन्न समस्याओं को प्रस्तुत किया तथा बागवानी मंत्री व सीपीएस सुंदर ठाकुर को अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

## बडू साहिब में खेल प्रतियोगिताएं संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

इटरनल विश्वविद्यालय बडू साहिब के खेल विभाग ने शनिवार को सातवां खेल दिवस मनाया। इसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों की 100 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया।

विश्वविद्यालय के सहायक उपकुलपति डॉ.अमरीक सिंह अहलूवालिया ने कहा कि खेल हमारे जीवन में फिट रहने, सक्रिय रहने, अनुशासन, आत्मविश्वास की भावना पैदा करने में सहायक होते हैं। इस आयोजन में यूनिवर्सिटी की छात्राओं ने बढ़-चढक? हिस्सा लिया और अपने



प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर एवं 1500 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। साथ ही लांग जंप एंड डिसकस थ्रो जैसे स्पोर्ट्स में भी सभी छात्राओं ने बढ़-चढक? हिस्सा लिया। इन मुकाबले में विजेता रहने वाले विद्यार्थियों को इनाम भी बांटे गए, जिसमें कि अकाल कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड सोशल साइंसेज की छात्राओं ने सभी मुकाबलों में अधिक पदक जीतकर विजेता ट्रॉफी को अपने नाम किया। अत्याधिक गर्मी होने के बावजूद भी सभी विद्यार्थियों का जोश देखा था।

लांग जंप एंड डिसकस थ्रो जैसे स्पोर्ट्स में भी सभी छात्राओं ने बढ़-चढक? हिस्सा लिया। इन मुकाबले में विजेता रहने वाले विद्यार्थियों को इनाम भी बांटे गए, जिसमें कि अकाल कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड सोशल साइंसेज की छात्राओं ने सभी मुकाबलों में अधिक पदक जीतकर विजेता ट्रॉफी को अपने नाम किया।

## बागवानी मंत्री ने किया शाट स्थित मार्किट यार्ड व तेगुबहेड स्थित पैकिंग ग्रेडिंग हॉउस का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

राजस्व, बागवानी, व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज शाट में एपीएमसी के मार्किट यार्ड का निरीक्षण किया। शाट पहुंचने पर आढती संघ शाट के पदाधिकारियों व सदस्य द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया।आढती संघ के प्रधान अश्वनी नेगी ने बागवानी मंत्री के समक्ष अपनी मांगें भी रखी तथा मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि यहां शीघ्र ही दुकानों का आवंटन व्यापारियों को कर दिया जाएगा तथा आवारा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए फेंसिंग की भी व्यवस्था की जाएगी।

## जबरन शादी करना भारी पड़ा महिला पर, इसी कारण उतारी थी मौत के घाट

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

पंडोह के 9 मील के पास 5 जून को हुए महिला के ब्लाईंड मर्डर मामले की गुत्थी को मंडी पुलिस ने सुलझा लिया है। पांच दिनों के भीतर पुलिस ने न सिर्फ इस ब्लाईंड मर्डर केस को साल्व किया बल्कि आरोपी को गिरफ्तार करके उसे मंडी भी ला रही है। आरोपी को पुलिस ने लखनऊ से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 26 वर्षीय प्रकाश यादव पुत्र अशोक यादव निवासी सोलोपति लालपुर थाना श्रृंगेश्वर जिला माधेवपुर बिहार के रूप में हुई है। मृतका की पहचान 24 वर्षीय प्रियंका यादव पुत्री बच्चा यादव निवासी सोरोपुर बिहार के रूप में हुई है। एएसपी मंडी सागर चंद्र ने आरोपी को गिरफ्तार करने की पुष्टि की है।

उन्होंने बताया कि मृतका के परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है और वह शव को लेने मंडी आ रहे हैं। इस मामले में थाना प्रभारी सदर स्कीनी कपूर और उनकी टीम ने कड़ी मेहनत की। वहीं, बिहार, यूपी और रेलवे पुलिस ने भी आरोपी को पकड? में काफी मदद की। ब्लाईंड मर्डर मामले में सीसीटीवी की छोटी सी फुटेज पुलिस के लिए मददगार बनी और पुलिस आरोपी तक पहुंचने में कामयाब हो पाई। प्रारंभिक



पूछताछ में आरोपी प्रकाश यादव ने बताया है कि वो शादीशुदा है और उसके तीन बच्चे भी हैं। जिस महिला की उसने हत्या की वो भी शादीशुदा थी और उसके भी दो बच्चे हैं। इन दोनों के आपस में नाजायज संबंध थे। महिला ने इस पर जबरन दूसरी शादी करने का दबाव बनाया। डेढ़ महीना पहले दोनों ने शादी भी कर ली थी। इसके बाद से ही प्रकाश यादव ने इसे मारने की ठान ली थी।

इसे घुमाने के बहाने ये हिमाचल लेकर आया। कुल्लू में अपने चचेरे भाई के पास गया और वहां पर रूका। वापसी में पंडोह के साथ लगते 9 मील के पास बस से उतरा और पहाड़ी पर ले जाकर महिला को मौत के घाट उतारने के बाद वहां से फरार हो गया।

आरोपी लगातार फरार चल रहा था, लेकिन पुलिस ने सारी जांच पड़ताल के बाद आखिरकार इसे गिरफ्तार कर लिया है।

## हाब्बन में कारगिल शहीद भीमसिंह और हितेश शर्मा को दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

कारगिल ऑपरेशन के जांबाज भीम सिंह ठाकुर का शहीदी दिवस रविवार को हाब्बन स्थित शहीद पार्क में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर शहीद पार्क में शहीद भीम सिंह ठाकुर और शहीद हितेश शर्मा की प्रतिमा पर सैंकड़ों लोगों द्वारा माल्यापर्ण करके उन्हें भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। संयोग की बात है कि 11 जून को ही पझौता गोलीकांड दिवस भी मनाया जाता है। इस मौके पर शहीद भीम सिंह के बड़े भाई ओम सिंह ठाकुर व चंपा ठाकुर



और शहीद हितेश शर्मा के बड़े भाई राजेश शर्मा के अतिरिक्त पझौता स्वतंत्रता सैनानी समाज कल्याण समिति और पच्छाद कांग्रेस मंडल, कमलेश हाब्बी, वीरेन्द्र हाब्बी, नंबरदार सुभाष ठाकुर, नगर पंचायत राजगढ़ के उपाध्यक्ष दिनेश ठाकुर, भूतपूर्व सैनिक संगठन राजगढ़, महिला मंडल हाब्बन सहित क्षेत्र के सैंकड़ों लोगों द्वारा शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की गई । इस मौके पर शहीद भीम सिंह के बड़े भाई ओम सिंह ठाकुर व चंपा ठाकुर द्वारा हवन का आयोजन भी किया गया।

बता दें कि कारगिल ऑपरेशन के दौरान हाब्बन क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले भीम सिंह 11 जून, 2000 को कारगिल के खूनी नाला में पाक दुश्मनों के साथ लोहा लेते हुए मातृभूमि की रक्षा करते हुंए शहीद हो गए थे। जबकि हाब्बन के पालू गांव के हितेश शर्मा 24 सिंतबर 2002 को बारामूला में आंतकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए थे। अध्यक्ष जय प्रकाश चौहान ने बताया कि पझौता गोलीकांड के 75 वर्ष पूर्ण होने पर पझौता स्वतंत्रता सैनानी समाज कल्याण समिति द्वारा वर्ष 2018 हाब्बन में भव्य कार्यक्रम रखा गया था। इसके पश्चात उन्होने इस दिवस को मनाने का कार्य क्षेत्र के युवाओं पर सौंपा गया था। उन्होने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष 2018 के उपरांत पझौता गोली कांड दिवस नहीं मनाया गया है।

# जिला कारागार एवं सुधार गृह में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

मानव की किसी भी समस्या का समाधान नशा नहीं है। इससे न केवल इंसान को सामाजिक, आर्थिक और शारीरिक रूप से नुकसान ही पहुंचाता है अपितु ये शरीर और दिमाग को कमजोर कर के रोगों का पुलिंदा बनाकर उसे समय से पूर्व मृत्यु की अंधी खाई में धकेल देता है। आधुनिक समाज को सचेत करते हुए यह उदगार जिला कारागार एवं सुधार गृह चम्बा के सहायक अधीक्षक विशाल डोगरा ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार व हिमाचल प्रदेश सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महत्वाकांक्षी नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राजपुरा कारागार एवं सुधार गृह के परिसर में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में प्रकट किए

।उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में यह आवश्यक हो गया है कि समाज के सभी वर्ग नशे के विरुद्ध एकजुट हो जाएं ताकि भारत के भविष्य की नई पीढ़ी नशा मुक्त भारत में आंखें खोलकर देश की उन्नति और तरक्की में अपनी सहभागिता निभा सके।सहायक कारागार अधीक्षक ने आगे कहा कि उड़ता पंजाब के पश्चात विगत कुछ वर्षों से हिमाचल प्रदेश में भी चिट्टे जैसे अति जानलेवा नशीले पदार्थ का प्रचलन बढ़ा है। इसकी लत सीधे-सीधे मौत को दावत है। उन्होंने ये भी कहा कि यह अत्यंत सुखद अनुभव है कि प्रदेश सरकार के दिशा-निदेशों की अनुपालना



करते हुए पुलिस विभाग पूर्ण सजगता और कर्मठता से नशा माफिया पर निरंतर शिकंजा कस रहा है। बहुमूल्य मानव जीवन में उल्लास-उमंग के रंग भरने और शालीनता के साथ जीवन जीने की सलाह देते हुए साथ में उन्होंने सलाखों के पीछे जीवन वास्तविकता की बात भी कही। विशाल डोगरा ने इस मौके पर केंद्र व प्रदेश सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर चलते रहने चाहिए ताकि नशे के भ्रम जाल में लिप्त लोगों को इससे दूर रखने के प्रयास फलीभूत हो सके। विभागीय प्रतिनिधि सुरेश ठाकुर ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा नशा निवारण अभियान के अंतर्गत संचालित की जाने वाली विस्तृत गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ नशा निवारण रैलियां, कवि सम्मेलन, भाषण, नारा लेखन, चित्रकला इत्यादि प्रतियोगिताओं, के अलावा हॉर्डिंग्स के माध्यमों से भी आम जनमानस को नशे से दूर रहने का आहवान किया जाता है। इस अवसर पर विभागीय कलाकारों ने गीत संगीत और नाटक के माध्यम से नशे के बढ़ते प्रचलन व प्रवृत्ति पर गहरा प्रहार करते हुए नशा निवारण का सशक्त संदेश संप्रेषित किया।

जिला के प्रसिद्ध साहित्यकार एवं रंगकर्मी मोहम्मद अमीन शेख चिश्ती द्वारा लिखित एवं निर्देशित नुक्कड़ नाटक मीठा जहर की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में संवदेनशील विषय को अत्यंत संजीदगी से व्यंग्य व हास-परिहास के साथ गति देते हुए नशीले पदार्थों के प्रकार, नशे से होनें वाली बीमारियों, शरीर, परिवार, गांव, समाज, राज्य से लेकर राष्ट्र तक पड? वाले दुष्प्रभावों को अत्यंत प्रभावी तरीके से बयां किया। कलाकारों ने सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास और आमजन की जिम्मेवारियां गिनाते हुए नशे पर विजय पाने तक की संपूर्ण दृश्यवली का प्रभावी मंचन किया। कलाकारों की आकर्षक भाव भंगिमाओं, जोशीली संवाद अदायगी से निर्मित वातावरण में नाटक ने कारागार के बंदियों से खूब ठहाके और तालियां बटोरी।स्थानीय लोक धुनों पर आधारित नशा निवारण के संदेश गीतों पर पारंपरिक वेशभूषा में चम्बा रंग दर्शन चम्बा के लोक कलाकारों ने जहां अत्यंत सादगी से लोगों को इस समाजिक बुराई को त्यागने का अनुरोध ही किया वहीं नशे के घातक परिणामों से अवगत करवा कर इस से दूर रहने के लिए सचेत किया। इस अवसर पर चम्बा रंग दर्शन चम्बा के प्रधान राजेश जहरी ने बताया कि सुधार गृह के बंदियों के साथ नशे जैसी सामाजिक बुराई का सन्देश देना सुखद अनुभव रहा है। बंदियों ने कलाकारों के साथ जीवन पर्यन्त नशा न करने और नशे में लिप्त लोगों को नशे से दूर रहने का सन्देश देने का जो संकल्प लिया हैए वही हमारे आज के कार्यक्रम की भी सफलता है।

